बर्षः- 05
अंकः- 295
मुरादाबाद
(Tuesday)
17 February 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

सीएम योगी बोले- सपा-कांग्रेस वंदे मातरम् का

फरीदाबाद में बड़ा हादसाः फैक्टरी में

विरोध कर रहे, राष्ट्रीय गीत के साथ क्यों नहीं खड़े?

पहले कहावत थी, देख सपाई-बेटियां घबराई, योगी बोले- आज नाइट शिफ्ट में कर रहीं काम

विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर गाजी मेले के समर्थन का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार प्रदेश के तीर्थों का विकास कर रही है। उन्होंने यूपी की बढ़ती जीडीपी, किसानों को डीबीटी के जरिए भुगतान, ओडीओपी और एमएसएमई के विस्तार का उल्लेख किया और डबल इंजन सरकार को विकास का आधार बताया।विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर गाजी मेले के समर्थन का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार प्रदेश के तीर्थों का विकास कर रही है। उन्होंने यूपी की बढ़ती जीडीपी, किसानों को डीबीटी के जरिए भुगतान, ओडीओपी और एमएसएमई के विस्तार का उल्लेख किया और डबल इंजन सरकार को विकास का आधार बताया।यूपी विधान परिषद में सीएम योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कहा, विपक्ष से किसी तरह की उम्मीद करना बेवकूफी है। पहले की सरकारों ने यूपी को अपराध का गढ़ बना दिया था। कर्फ्यू यहां की पहचान बन गई थी। वंदे मातरम् का 150वां साल चल रहा। मैं पूछता हूं, सपा-कांग्रेस आखिर इसका विरोध क्यों कर रहे? इस देश में रहोगे और यहां के राष्ट्रीय गीत पर खड़े नहीं होगे।पहली की सरकारों का विकास परिवारवादी था। जेपीएनआईसी का उदाहरण देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि 800 करोड़ खर्च हो गए वह फिर अधूरा है। हमने जेपी के जन्मभूमि पर अस्पताल बनवाया।1400 करोड़ खर्च हो गए, फिर भी गोमती रिवर फ्रंट का प्रोजक्ट अधूरा है, यह महज 300 करोड़ का प्रोजेक्ट था। युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हुआ सीएम योगी ने कहा, सरकार ने अपने कार्यकाल में अराजकता फैलाई। इसीलिए युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हुआ। किसान सुसाइड के लिए मजबूर हुआ। आज जल, थल, नभ तीनों यूपी के अंदर देखने को मिलता है। यूपी में पहली रैपिड रेल का उद्घाटन 22 फरवरी को होगा। आज यूपी में सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण है। मेरठ से दिल्ली सिर्फ 45 मिनट में तय होता है। आज 22 एक्सप्रेसवे वाला राज्य यूपी है। इनमें 7 क्रियाशील हो चुके हैं और 5 निर्माणाधीन हैं। 10 पर हम काम कर रहे हैं। 2017 से पहले राशन वितरण की खूब शिकायतें थीं- सीएम योगी ने कहा, 2017 से पहले राशन वितरण की खूब शिकायतें थीं। आज कोई शिकायत नहीं है, क्योंकि टेक्नालॉजी का उपयोग किया गया। 6 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे। किसी भी सेक्टर में यदि यूपी के युवा को मौका मिला, तो उसने अपनी अलग छाप छोड़ी। डाटा आज की सबसे बड़ी ताकत है। एआई देश का मर्चिंग सेक्टर है। इसके लिए बजट में व्यवस्था की गई है। प्रदेश में बेरोजगारी की दर 2.24 फीसदी तक आ गई- सीएम योगी ने कहा, %सीएम युवा उद्यमी% स्कीम से काम चल रहा है। हर साल एक लाख युवा उद्यमी बन सकें, इसके लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ईवी के पहली यूनिट लखनऊ में स्थापित हुई है। 20 हजार से अधिक स्टार्ट अप यूपी में चल रहे हैं। प्रदेश में बेरोजगारी की दर 2.24 फीसदी तक आ गई है। हर गांव में खेल का मैदान हो, इसके लिए भी प्रयासरत हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल के बाजार में यूपी की धमक है। खरीदे जा रहे वाहनों 19 फीसदी हिस्सा यूपी का है। तिपहिया वाहनों में 40 फीसदी से अधिक यूपी का हिस्सा है। पिछले नौ वर्ष में प्रदेश ने एक अपनी यात्रा तय की है। यह यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन, कर्फ्यू से कानून के राज, उपद्रव से उत्सव की यात्रा, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। इस यात्रा को देश और दुनिया स्वीकार करती है। वे कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में बदलाव आया है। यह अधिकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता को पहले ही मिलना चाहिये था लेकिन अपने संकुचित एजेंडे को लेकर चलने वाली सरकारों ने प्रदेश के भविष्य और जनता जनार्दन के साथ खिलवाड़ किया।

उनके सामने पहचान का संकट खड़ा किया। प्रदेश को अराजकता, अव्यवस्था, अपराध का एक गढ़ बना दिया। इस दौरान कर्फ्यू यहां की पहचान बन गई थी। उत्तर प्रदेश को भारत के शाश्वत मूल्यों की आधारभूमि माना जाता है, उसमें किस प्रकार की अव्यवस्था थी, यह हम सबने देखा है। वहीं डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति, साफ़ नीयत, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता से आज उत्तर प्रदेश ने बॉटलनेक से देश की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथॉट बनाने में सफलता प्राप्त की है।

दुनिया के सामने टेक्नोलॉजी, भरोसे और परिवर्तन के समन्वित मॉडल के रूप में उभरा - मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यूपी रेवन्यू सरप्लस और उत्सव प्रदेश के रूप में अपनी यात्रा को लेकर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में दुनिया के सबसे बड़े एआई इंपेक्ट समिट का उद्घाटन किया है। यह पांच दिनों तक देश और दुनिया के 18 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति में चलेगा। इस समय जब दुनिया तेजी से इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ रही है, तब भारत भी इस दिशा में मजबूत और दूरदर्शी रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। देश न केवल वर्तमान बल्कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित और समृद्ध भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक बेहतरीन योजना के साथ कार्य कर रहा है। नीतिगत उदासीनता और विकास विरोधी सोच के माहौल को हमने बदला - मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में नीतिगत उदासीनता, प्रशासनिक शिथिलता और विकास विरोधी सोच का जो माहौल था, उसे बीते वर्षों में पूरी तरह बदलने का प्रयास किया गया। अनुशासन, निर्णायक नेतृत्व, स्पष्ट नीति और शुद्ध नीयत के माध्यम से शासन-प्रशासन को एक नई दिशा देने का कार्य किया गया है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन सरकार के कार्यों का प्रभाव भी प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पहले वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया जैसी स्थिति ने प्रदेश को झकझोर रखा था मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में पल रहे गुंडे और माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। गुंडा टैक्स और अवैध वसूली प्रदेश की नियति बन चुकी थी। वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया जैसी स्थिति ने उत्तर प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था। कानून चंद हाथों की जागीर बन गया था और कर्फ्यू व दंगे आम बात हो गई थी। पर्व और त्योहार आस्था के बजाय आशंका के केंद्र बन जाते थे। पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था। न बेटियां सुरक्षित थीं और न व्यापारी। उस दौर में प्रदेश की छवि अराजकता और अस्थिरता के पर्याय के रूप में देखी जाती थी। वहीं वर्ष 2017 के बाद यही उपद्रवग्रस्त उत्तर प्रदेश आज उत्सव प्रदेश में बदल चुका है। अब राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ है। उत्तर प्रदेश विधानमंडल में आज से वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पहले विधायकों को बजट पर बोलने का मौका दिया। सदस्यों ने अपने-अपने मत रखे।सीएम ने कहा कि सपा को कांग्रेस से सीखना चाहिए। कोई भी ऐसा आचरण न करें, जो समाज में विभेद पैदा करता हो। जिम्मेदार विपक्ष के रूप में भूमिका का निर्वहन करें। राज्यपाल का आभार व्यक्त करें। विपक्ष के लोग भी सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करें।सीएम ने कहा कि पहली की सरकारों का विकास परिवारवादी था। जेपीएनआईसी का उदाहरण देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि 800 करोड़ खर्च हो गए वह फिर भी अधूरा है। हमने जेपी के जन्मभूमि पर अस्पताल बनवाया।1400 करोड़ खर्च हो गए, फिर भी गोमती रिवर फ्रंट का प्रोजक्ट अधूरा है, यह महज 300 करोड़ का प्रोजेक्ट था। सपा सरकार ने अपने कार्यकाल में अराजकता फैलाई। इसीलिए युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हुआ। किसान सुसाइड के लिए मजबूर हुआ। आज जल, थल, नभ तीनों यूपी के अंदर देखने को मिलता है। यूपी में पहली रैपिड रेल का उद्घाटन 22 फरवरी को होगा। आज यूपी में सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण है। मेरठ से दिल्ली सिर्फ 45 मिनट में तय होता है। आज 22 एक्सप्रेसवे वाला राज्य यूपी है। इनमें 7 क्रियाशील हो चुके हैं और 5 निर्माणाधीन हैं। 10 पर हम काम कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

आज से शुरू होंगी परीक्षाएं, 55 केंद्रों पर 10वीं और 12वीं के 46478 परीक्षार्थी होंगे शामिल

वाराणसी जिले में आजसीबीएसई की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू होंगी। इसके लिए जिले में 55 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 46478 छात्र-छात्राएं परीक्षाएं देंगे। इसमें कक्षा 10 के 22932 और कक्षा 12 के 23546 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। जिले में सीबीएसई विद्यालयों की संख्या 166 है। इनमें से बोर्ड परीक्षा के लिए 55 विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। इन विद्यालयों में कुल 46478 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। परीक्षा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होंगी। इस बार की बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए अधिकतर केंद्र शहरी सीमा में हैं। सीबीएसई की ओर से परीक्षा को लेकर जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार सभी केंद्रों पर हर 24 बच्चे पर दो निरीक्षकों की तैनाती की जाएगी। सभी केंद्र के लिए एक ऑब्जर्वर भी तैनात किए जाएंगे। बोर्ड की ओर से परीक्षा को लेकर जारी निर्देश के अनुसार जिले के सभी केंद्रों पर जितनी भी कक्षाएं होंगी। परीक्षा में जांच के लिए उड़ाका दल का गठन भी किया गया है। बोर्ड ने कहा है कि यदि किसी विद्यार्थी ने उत्तरपुस्तिका में गाली या धमकी लिखी या करेंसी रखी तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर परीक्षा से जुड़ीं किसी भी तरह की अफवाह फैलाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।परीक्षा के लिए जरूरी दस्तावेज- सभी रेगुलर परीक्षार्थियों को अपने स्कूल की यूनिफॉर्म में परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा।

फटे कई केमिकल ड्रम, 30 से अधिक मजदूर झुलसे; मची अफरातफरी

यह घटना औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिस तरह से एक के बाद एक कई ड्रम फटे, उससे लगता है कि कंपनी में सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी खामियां थीं। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित मुजेसर इलाके में एक निजी कंपनी में सोमवार शाम को हुए एक भीषण हादसे में 30 से अधिक कर्मचारी झुलस गए। कंपनी में मेटल शीट कटिंग का काम होता है, जिसके लिए सीएनसी मशीनें लगी हैं। शाम के समय जब कर्मचारी काम कर रहे थे, तभी वहां रखे एक केमिकल ड्रम में अचानक धमाका हो गया। इसके बाद एक के बाद एक कई ड्रम फटते चले गए, जिससे आग लग गई और कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई।हादसे का विवरण और बचाव कार्य प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम को कंपनी में कर्मचारी अपना काम कर रहे थे। इसी दौरान, अचानक एक ड्रम में विस्फोट हुआ। इस विस्फोट ने आस-पास रखे अन्य ड्रमों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कई और ड्रम फट गए। इस धमाके और आग की चपेट में आकर 30 से अधिक कर्मचारी झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल और आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर किस कारण से यह धमाका हुआ।जांच और सुरक्षा पर सवाल- यह घटना औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिस तरह से एक के बाद एक कई ड्रम फटे, उससे लगता है कि कंपनी में सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी खामियां थीं। मेटल शीट कटिंग के काम में इस्तेमाल होने वाले रसायनों के भंडारण और उनकी सुरक्षा को लेकर बरती गई लापरवाही इस हादसे का कारण हो सकती है। दिए गए जांच के आदेश- प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। कंपनी प्रबंधन से भी जवाब मांगा गया है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे और सभी औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा जांच की जाएगी। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं।दमकल और पुलिस कर्मी भी आए चपेट में- घटना स्थल पर करीब 20 एम्बुलेंस पहुंची हैं। एक एम्बुलेंस चालक रवि ने बताया कि इसमें पुलिस कर्मचारी व दमकल विभाग के कर्मचारी भी जख्मी हुए हैं। सभी का बीके अस्पताल में उपचार चल रहा है। इनमें से कई गंभीर घायल हैं।मजदूर ही नहीं अन्य लोग भी आए चपेट में- घायल विपिन ने बताया कि वह धमाके वाली जगह से 500 मीटर दूर सड़क पर थे, उनके साथ अन्य राहगीर लोग भी इसकी चपेट में आए हैं। कंपनी के आसपास खुली दुकान संचालक भी इसकी चपेट में आ गए हैं।मजदूर ही नहीं अन्य लोग भी आए चपेट में- घायल विपिन ने बताया कि वह धमाके वाली जगह से 500 मीटर दूर सड़क पर थे, उनके साथ अन्य राहगीर लोग भी इसकी चपेट में आए हैं। कंपनी के आसपास खुली दुकान संचालक भी इसकी चपेट में आ गए हैं।20 से 25 ड्रम फटे- मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि करीब 20-25 ड्रम थे, जो एक बाद एक विस्फोट हो रहे थे। इस विस्फोट से करीब 100 मीटर में खड़े वाहन दुपहिया व कार जल के राख हो गए।

अखिलेश यादव बोले- भाजपा की एक गुप्त बैठक हुई थी, जिसमें तय हुआ कि सपा का वोट कैसे कटवाना है

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर गुप्त बैठक कर सपा का वोट कटवाने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विशेष पुनरीक्षण के दौरान फॉर्म-7 के जरिए पीडीए और अल्पसंख्यक वोटरों को निशाना बनाया जा रहा है। अखिलेश ने चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा, विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान भाजपा पीडीए और खासकर अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की साजिश कर रही है। फॉर्म-7 के जरिये भाजपा वोटों की चोरी कर रही है। आयोग कार्रवाई नहीं कर रहा है। भाजपा सरकार वोट काटकर चुनाव जीतना चाहती है। सपा प्रमुख का दावा है कि बीजेपी की एक गुप्त बैठक में यह तय किया गया था कि हर विधानसभा में वोट कटवाए जाएंगे। उन्होंने कन्नौज का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के एक नेता ने भी बयान दिया था कि ज्यादा पढ़ा-लिखा कभी-कभी गलती कर देता है। भाजपा को ये बात पता है कि इस बार यूपी का चुनाव वो जीत नहीं रहे हैं। इसलिए वो ऐस हरकत कर रहे हैं। कैसे सामने वाला का वोट काटें। लेकिन जनता सब जानती है। हर बात का जवाब देगी। हम भी शांत नहीं रहेंगे। वोट में घोटाला होने नहीं देंगे। सकलडीहा विधानसभा में फॉर्म 7 के 16 आवेदन जमा किए गए। वहीं बाबागंज विधानसभा के बूथ नंबर 365 पर फर्जी हस्ताक्षर कर फॉर्म 7 भरकर करीब 100 वोट कटवा दिए गए। हमारे एक बीएलए का भी वोट कटवा दिया गया। यह सीधी साजिश है, जिसमें असली वोटरों के नाम हटाने की कोशिश हो रही है। हमारे नगर अध्यक्ष का काम कटवा दिया- अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि औरैया नगर अध्यक्ष का नाम भी मतदाता सूची से हटा दिया गया। इतना ही नहीं, बलिया के सिकंदरपुर से सपा विधायक की पत्नी का नाम भी कटवा दिया गया। हमारे ही वोटर से नगर अध्यक्ष का काम कटवा दिया गया। यह सब विपक्ष को उलझाए रखने की रणनीति है। अयोध्या का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बूथ पर 181 नोटिस जारी हुए, जिनमें से 76 प्रतिशत पीडीए समाज को मिले। 46 प्रतिशत नोटिस यादव और मुस्लिम समुदाय के लोगों को दिए गए। अयोध्या में सपा ने 47 फॉर्म 7 भरे, जबकि बीजेपी ने करीब एक हजार आवेदन दिए। भाजपा ने एक करोड़ वोट बढ़वाए-सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तक जिस एसआईआर से पूरा देश परेशान था अब उससे भाजपा के लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक करोड़ वोट बढ़वाया है। ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।अखिलेश यादव प्रदेश में एसआईआर के बाद राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई कच्ची मतदाता सूची पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वोट बढ़ाने का बीजेपी के लोग दवाब बनाएंगे क्योंकि उनका वोट कट गया है। उन्होंने फर्जी वोट बनाए थे। इसका मतलब फर्जी वोट डाले गए हैं और सबसे ज्यादा वोट बीजेपी के बूथों पर निकले हैं। जिस एसआईआर से ये पूरे देश को परेशान कर रहे थे मैं उत्तर प्रदेश की जनता का धन्यवाद करना चाहता हूं आज एसआईआर से बीजेपी परेशान है और इसलिए गुपचुप बैठक कर रहे हैं।

संपादकीय Editorial

RERA's Rightful Rebuke

Under the subvention scheme, funds approved for a project were transferred directly to builders' accounts. They were required to pay EMIs until the flats were handed over to homebuyers. However, in many cases, builders stopped paying EMIs before the flats were ready. The Supreme Court is responsible for the severe rebuke it issued to the Real Estate Regulatory Authority (RERA). It is failing to live up to the expectations with which it was formed. Due to RERA's poor functioning, countless people are forced to approach the courts, and everyone knows that justice takes time. RERA's disappointing functioning is evident from the fact that the Supreme Court had to declare that it would be better off shutting it down. It also made the harsh remark that it was doing nothing more than providing relief to bankrupt builders. This simply means that instead of protecting the interests of flat buyers, it favors the builders it should be monitoring, ensuring they complete their projects on time and prevent arbitrary changes. While the Supreme Court's harsh comments against RERA in a Himachal Pradesh case apply to almost all state RERAs: the people whose interests it was created to protect are frustrated and disappointed, and are receiving no effective relief. Perhaps this is why it even stated that it would have no objection to the institution being abolished.

The Supreme Court also stated that the time has come for all states to consider reconstituting RERA. It is doubtful that this will be possible without clear direction from the court. It would be appropriate for the central government to ensure that all state RERAs function properly, as all of them are deeply flawed. In many cases, RERA has been found to protect builders who were clearly reneging on promises to flat buyers. If millions of projects across the country remain stalled despite RERA's existence, it suggests something deeply wrong. It wasn't long ago that the Supreme Court revealed that builders in several cities, including Delhi-NCR, had colluded with banks to defraud millions of flat buyers. This fraud was perpetrated through a subvention scheme.

Under the subvention scheme, the approved funds for a project were transferred directly to the builders' accounts. They were required to pay EMIs until the flats were delivered to homebuyers. However, in many cases, builders stopped paying EMIs before the flats were ready. Consequently, banks began demanding the remaining EMIs from flat buyers. This can only be described as injustice and injustice.

Lok Sabha Speaker Birla has been embroiled in controversies

Even after being elected Speaker for a second term in June 2024, Om Birla was accused of not allowing opposition MPs to speak. Opposition parties have continued to accuse him of acting at the behest of the ruling party, even though the Speaker's position is a constitutional position. In June 2024, when Leader of the Opposition Rahul Gandhi stood up to speak on the issue of NEET exams, he was heard asking Speaker Om Birla to turn the microphone on. Congress alleged that the voices of the youth were being suppressed by taking away the microphone on important issues. However, Om Birla stated that he does not turn off the microphone in the Lok Sabha; there are no buttons. This is not the first time tension has been witnessed between the opposition and Om Birla. Birla has been embroiled in controversies before… The dignity of Parliament continues to decline in the country. The dignified and constitutional position of the Speaker of the Lok Sabha remains controversial. Almost the entire opposition is mobilizing against Lok Sabha Speaker Om Birla. The opposition has long accused Birla of bias. Opposition members have consistently accused him of violating Speaker Birla's constitutional rights and openly lobbying for the ruling party. This is the issue again. The opposition has filed a notice of no-confidence motion to remove Lok Sabha Speaker Om Birla from his post. Although, based on mathematics and history, removing him is extremely difficult, this move could further escalate the bitterness between the ruling party and the opposition in Parliament in the coming days. Prime Minister Narendra Modi was scheduled to address the House during the discussion on the President's address. Lok Sabha Speaker Om Birla claimed that Prime Minister Modi did not attend the House at his request. Om Birla stated that he had received credible information that several members of the Congress party could have reached the Prime Minister's seat and caused an unexpected incident. If this had happened, it would have been extremely unpleasant and would have shattered the country's democratic traditions. Om Birla's claim drew sharp reactions from the opposition, with Congress MP Priyanka Gandhi stating that it was completely false and there was no question of harming the Prime Minister. Even after being elected Speaker of the Lok Sabha for the second time in June 2024, Om Birla was accused of not giving opposition MPs a chance to speak. Opposition parties have continued to accuse him of acting at the behest of the ruling party, even though the Speaker's position is a constitutional position. In June 2024, when Leader of the Opposition Rahul Gandhi stood up to speak on the issue of NEET exams, he was heard asking Speaker Om Birla to turn the microphone on. The Congress alleged that the voices of the youth were being suppressed by taking away the microphone on important issues. However, Om Birla stated that he does not turn off the microphone in the Lok Sabha; there are no buttons here. This is not the first time tension has been witnessed between the opposition and Om Birla. Previously, Om Birla has been embroiled in controversies, with the opposition accusing him of leaning towards the ruling party. During the 2023 Winter Session of Parliament, 141 MPs were suspended, including 95 Lok Sabha and 46 Rajya Sabha MPs. Such a large number of MPs had never been suspended before. This suspension was described as unprecedented. Previously, on March 15, 1989, 63 MPs were expelled from the Lok Sabha. The suspensions were initiated after MPs demanded a statement from Home Minister Amit Shah in the presence of Prime Minister Narendra Modi regarding the security lapse in Parliament. The Indian Constitution protects the Speaker's position so that they can function without fear or favor. The process for their removal under Article 94 is as follows: Written notice must be given at least 14 days before the motion is introduced. Removal of the Speaker requires a majority of the total number of members in the House at that time, i.e., the support of more than 50 percent of the members currently in office. The Speaker cannot preside over the House while the motion is being discussed, although they can be present and cast a vote. Article 96 of the Constitution also grants the Speaker the right to defend themselves. In the history of independent India, there have been very few occasions when a no-confidence motion has been brought against the Speaker of the Lok Sabha, but whenever it has been brought, the opposition has shaken parliamentary politics. The first no-confidence motion was brought against India's first Lok Sabha Speaker, G.V. Mavalankar, on December 18, 1954. It was introduced by Vigneshwar Mishra and other opposition leaders. That was during the Nehruvian era, and the opposition argued that the Speaker was acting under the influence of the government. However, after a heated debate, the motion was defeated, and Mavalankar remained in his post. During the third Lok Sabha, Speaker Hukum Singh was also accused of bias. This motion was brought by socialist leader Madhu Limaye. That period was politically turbulent. The opposition questioned his impartiality, but due to lack of numbers, the motion failed to succeed. During the eighth Lok Sabha, an attempt was also made to bring a no-confidence motion against Balram Jakhar. It was introduced by CPM MP Somnath Chatterjee. At that time, there was a major deadlock in the House over issues like Bofors. But with Congress's overwhelming majority, this opposition effort remained merely a symbolic protest. Often, the opposition moves such resolutions merely to register its displeasure and draw public attention. The Speaker always belongs to the ruling party or coalition that holds the majority. As long as the government has the numbers, removing the Speaker is virtually impossible. It is also sad that India has not developed the same good traditions as Britain regarding the Speaker of the Lok Sabha. In Britain, when a person is elected Speaker of the House of Commons, he or she resigns from his or her party. Another tradition is that such a person is repeatedly elected Speaker. Third, as Speaker, he or she is considered a representative of both the ruling party and the opposition. Usually, a person who is recognized for his or her impartiality is appointed Speaker. For these reasons, the parliamentary system in Britain is considered successful. We adopted the parliamentary system from there, but did not imitate its good traditions. If similar traditions were developed in India, or rules and regulations were enacted in this regard, then this position would certainly not be a subject of controversy, and the parliamentary system could be successful in India as well. In such a situation, the opposition's complaints about the Speaker would also decrease.

Opposition's unnecessary objection to the India-US trade agreement

Following changes to the US document, the opposition, especially the Congress, is raising unnecessary objections to the India-US interim trade agreement. The US removed "intention" to purchase $500 billion government of "selling Mother The agreement should wait for based on mutual interests. Pulses document. India's "intention" to Gandhi accused the government of changes made by the US to its agreement with India only statement should be given priority in document is that the US removed products. Furthermore, it clarified worth of goods from the US. Earlier,

pulses from the list and clarified India's in goods. Rahul Gandhi accused the India," while the article calls this exaggeration. signing in March, as bilateral agreements are were removed from the list in the US purchase $500 billion in goods is clear. Rahul "selling Mother India." The two major document regarding the interim trade strengthened India's position that the joint this agreement. One change in the US pulses from the list of food and agricultural that India intends to purchase $500 billion this document stated that India was promising to purchase goods worth $500 billion from the US. It's clear that there's a difference between promises and intentions. Even then, it's doubtful that those unreasonably and exaggeratedly opposing the trade agreement reached with the US will remain silent. Some farmers' organizations and opposition political parties have already taken up the protest banner, with Congress at the forefront as usual. Yesterday, in the Lok Sabha, Rahul Gandhi attacked the government over the trade agreement, saying it had sold out Mother India and completely surrendered to the US. He also accused the government of compromising both farmers' interests and the country's energy security, even though farmers' interests are protected and it's not yet clear whether India will completely stop purchasing oil from Russia. The changes to the US document make it even more necessary to wait for the signing of the interim trade agreement next month, in March, as only then will the picture become clearer. However, it's clear that leaders like Rahul Gandhi, who oppose for the sake of opposition, won't rest easy. They will continue to propagate that India has surrendered to America. That's exactly what they did yesterday. They accused the government and then walked out of the House. They didn't even bother to listen to the government's statement regarding their allegations. This suggests that they believe that whatever they say on any issue should be accepted as the ultimate truth. Undoubtedly, there are some points in the joint statement issued regarding the trade agreement with the US that deserve clarification and debate. However, if anyone concludes that a trade agreement with any country is completely tilted in India's favor, that's impossible. Bilateral agreements are based on mutual exchanges. The countries concerned must protect their own interests while being mindful of each other's interests. India has done just that.

अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी, समन के बाद भी कोर्ट में नहीं हुई हाजिर

फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। वह समन भेजने के बावजूद कोर्ट में हाजिर अभिनेत्री पर 2017 में कार्यक्रम के नाम पर लेने के बाद भी नहीं फिल्म अभिनेत्री खिलाफ गैर जमानती वह समन भेजने के हाजिर नहीं हो रही थी। में शादी समारोह में 14.50 लाख रुपये आने का आरोप है। आयोजक पवन वर्मा ने कोर्ट में मुकदमा दाखिल किया था डबल फाटक निवासी एक इवेंट कंपनी के मालिक पवन वर्मा ने बताया कि 16 नवंबर 2017 को आयुष अग्रवाल की शादी में अमीषा पटेल को बुलाया गया था। उन्होंने 14.50 लाख रुपये का अग्रिम भुगतान किया था। शहर के दिल्ली रोड होलीडे रीजेंसी होटल में ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी की थी।फिर भी अभिनेत्री अमीषा पटेल मुंबई से मुरादाबाद नहीं पहुंचीं। बातचीत करने पर उन्होंने पूरी राशि वापस करने का वादा किया था। इस बीच अभिनेत्री की तरफ से 10 लाख रुपये नकद और 4.50 लाख रुपये का चेक दिया गया लेकिन यह बाउंस हो गया था। इस मामले में पवन वर्मा ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया। इस मामले में अतिरिक्त सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कोर्ट ने अमीषा पटेल को उपस्थित होने के लिए कई बार समन भेजा था लेकिन वह हाजिर नहीं हुई। अब कोर्ट ने कोर्ट में हाजिर होने के लिए गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। पवन वर्मा का कहना कि अमीषा पटेल न्याय से बचने का प्रयास कर रही हैं। अमीषा ने पूरी राशि लौटा दी है-अमीषा पटेल के अधिवक्ता अभिषेक शर्मा का कहना कि यह 2017 का पुराना विवाद है। समझौते के बाद अभिनेत्री ने पूरा पैसा वापस लौटा दिया था। पवन वर्मा केस का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि अमीषा पटेल शीघ्र ही कोर्ट में पेश होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगी।

नहीं हो रही थी। शादी समारोह में 14.50 लाख रुपये आने का आरोप है। अमीषा पटेल के वारंट जारी किया है। बावजूद कोर्ट में अभिनेत्री पर 2017 कार्यक्रम के नाम पर लेने के बाद भी नहीं

साथी ने पकड़े सास के हाथ, मैंने मारी गोली, कातिल दामाद का चौंकाने वाला कबूलनामा; बताया किस कारण मारा?

मुरादाबाद में सास रुखसाना की हत्या के आरोप में पुलिस ने दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि साथी ने सास का हाथ पकड़ा था और मैंने गोली मारी थी। मुरादाबाद की मझोला पुलिस ने सास की हत्या के आरोपी दामाद को शनिवार की रात जीरो प्वाइंट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि सास उसे गालियां दे रही थी। गुस्सा आने पर उसके साथी मुस्तफा ने सास का हाथ पकड़ा और उसने तमंचा निकालकर सास को गोली मार दी। सास की मौत होने पर वह घबराकर भाग निकला। मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर मंसूरी कॉलोनी सफेद कोठी निवासी ई रिक्शा चालक शकील पत्नी रुकसाना , तीन बेटियों और चार बेटों के साथ किराए के मकान में रहती है। बड़ी बेटी साहिबा के साथ ससुराल से मायके में आ गई थी।इसी कारण पति गुलनबाज उसे लेने के लिए आया था। 12 फरवरी को दामाद गुलनबाज अपने दोस्त मुस्तफा के साथ जा रहा था। इस दौरान सास ने नशेड़ी कहते हुए अपने दामाद को रोकने की कोशिश की। इसी बात से गुस्साए दामाद ने सास की गोली मारकर हत्या कर दी।इस मामले में साहिबा की तहरीर पर पुलिस ने दामाद गुलनबाज और उसके साथी मुस्तफा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट कर ली। पुलिस ने घटना के बाद कटघर थाना क्षेत्र के गली नंबर चार मोती वाली मस्जिद निवासी मुस्तफा को गिरफ्तार कर लिया लेकिन मुख्य आरोपी दामाद मौके से भाग निकला।सास की गालियां सुनकर गुलनवाज आपे से हुआ था बाहर मुख्य आरोपी गुलनबाज को पकड़ने के लिए एसएसपी सतपाल अंतिल ने थाना प्रभारी मझोला रवींद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की। टीम ने शनिवार की रात जीरो प्वाइंट पाकबड़ा में आरोपी दामाद पंडित नगला निवासी गुलनवाज (26) को धर दबोचा। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त देशी तमंचा 12 बोर व एक खोखा कारतूस बरामद किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लगभग पांच वर्ष पहले शाहिबा के साथ हुई थी। घरेलू विवाद होने के कारण पत्नी अपने मायके में रहने लगी थी। वह अपने मित्र मुस्तफा के साथ पत्नी को लाने के लिए जयंतीपुर स्थित ससुराल गया था। जहां उसकी सास रुखसाना गाली देने लगी। उस समय साली, दो साला भी मौके पर मौजूद थे।सास की गालियां सुनकर उसका दोस्त भी नाराज हो गया। इस दौरान दोस्त ने सास का हाथ पकड़ा और उसने तमंचे से गले को लक्ष्य कर गोली चला दी। सास की घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को अदालत के समक्ष पेश किया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।यह था पूरा मामला- मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर टीचर कॉलोनी में बृहस्पतिवार की रात आठ बजे नशेड़ी कहने पर एक युवक ने अपनी सास की गर्दन में गोली मार कर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी दामाद गुलनवाज तमंचा लहराते हुए अपने साथी मुस्तफा के साथ भाग गया था। पुलिस ने मुस्तफा को गिरफ्तार कर लिया था।रुखसाना के गले के पास फंसी मिली गोली- मझोला थाने की पुलिस ने शुक्रवार को रुखसाना (40) के शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टर के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इससे पहले शव का एक्सरे कराया गया। इस दौरान वीडियो ग्राफी और फोटो ग्राफी कराई गई। गोली गर्दन के पास दायी ओर फंसी मिली।

कबाड़ी से वसूली में संभल एसओजी की पूरी टीम निलंबित, काम में भी फिसड्डी हैं भ्रष्ट कर्मी, जांच शुरू

इसमें प्रभारी समेत आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं। कबाड़ी से 30 हजार रुपये वसूलने और उसका कबाड़ा रोकने का आरोप लगा है। एसपी ने शिकायत के आधार पर संभल के सीओ आलोक कुमार भाटी से जांच कराई। जांच में मामला सही पाया गया।एसओजी की पूरी टीम को एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने निलंबित कर दिया है। इसमें प्रभारी समेत आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं। कबाड़ी से 30 हजार रुपये वसूलने और उसका कबाड़ा रोकने का आरोप लगा है। एसपी ने शिकायत के आधार पर संभल के सीओ आलोक कुमार भाटी से जांच कराई। जांच में मामला सही पाया गया।इसी क्रम में रविवार को निलंबन की कार्रवाई की गई है। एसओजी का प्रभारी एसपी ने बोबिंद्र शर्मा को बनाया है। मुरादाबाद के बिलारी निवासी कबाड़ी जफरूद्दीन अपने बेटे आस मोहम्मद के साथ 2 फरवरी की रात करीब 9 बजे मोबाइल की प्लेट का कबाड़ा लेकर संभल के लाडम सराय की ओर जा रहे थे।इसी दौरान एसओजी की टीम ने कबाड़ी पिता-पुत्र की बाइक को रोक लिया और संभल कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी चौधरी सराय ले आए। बिचौलियों के हस्तक्षेप के बाद मामला निपटाया गया। आरोप है कि कबाड़ी पिता-पुत्र को छोड़ने के एवज में 30 हजार रुपये वसूले गए। साथ ही मोबाइल की प्लेट गलाकर जो धातु निकलती है उसको टीम ने अपने पास रोक लिया। रात के समय कबाड़ी पिता-पुत्र चले गए लेकिन 3 फरवरी को टीम से संपर्क किया और धातु लौटाने की बात कही। आरोप है कि टीम ने धातु से भरा कट्टा लौटाने की एवज में भी 40 हजार रुपये मांगे, जबकि कट्टे में 40 ही हजार रुपये की धातु थी। इसके बाद ही शिकायत एसपी तक पहुंची। जांच कराने पर मामला सही पाया गया और कार्रवाई की गई है। एसपी ने बताया कि प्राथमिक जांच पड़ताल में शिकायत सही पाई गई है। इसके चलते ही प्रभारी एसआई मोहित चौधरी, हेड कांस्टेबल कुलवंत, अरशद, कांस्टेबल अजनबी, आयुष, विवेक, बृजेश और हिरेश को निलंबित कर दिया है। एसपी ने बताया कि एसओजी प्रभारी बोबिंद्र शर्मा को बनाया गया है।कई बड़े मामलों में नाकाम रही थी निलंबित हुई एसओजी टीम- जुनावई थाना क्षेत्र में भाजपा नेता गुलफाम सिंह की हत्या का मुख्य आरोपी भी एसओजी टीम की गिरफ्त में नहीं आया था। बदायूं की कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इसी तरह धनारी थाना क्षेत्र में दो भाइयों की हत्या का आरोपी लंबे समय तक फरार रहा और बाद में कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इसी तरह कैलादेवी थाना क्षेत्र में सात वर्ष की बच्ची के लापता होने के बाद भी टीम सुराग नहीं लगा सकी थी। जबकि थाना पुलिस के लिए एसओजी की अहम भूमिका रहती है। लेकिन निलंबित हुई एसओजी की टीम कई बड़े मामलों में नाकाम रही थी।

संक्षिप्त समाचार

फारुख हत्याकांड: रामपुर में साथी की हत्या से वकीलों में भारी आक्रोश, एसपी ने सिविल लाइंस के थानेदार को हटाया

साथी की हत्या से भड़के वकील हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने सोमवार को पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस बीच एसपी ने सिविल लाइंस के थानेदार को हटा दिया है। साथी फारुख अहमद की जिला पंचायत दफ्तर में हत्या के खिलाफ अधिवक्ताओं का गुस्सा थम नहीं रहा है। आक्रोशित अधिवक्ता सोमवार को भी हड़ताल पर हैं। बार की ओर से पूर्व घोषित हाईवे पर जाम लगाने के मुद्दे पर पहले बैठक करके मंथन होगा। बैठक में तय होगा कि जाम लगाया जाए या नहीं।इस बीच एसपी विद्यासागर मिश्र ने सिविल लाइंस के थानेदार संजीव कुमार को हटा कर स्वार थाने का प्रभारी बनाया है। अधिवक्ता फारुख अहमद की हत्या के बाद से वकील आंदोलित हैं। पिछले तीन दिन से लगातार हड़ताल की जा रही है। शुक्रवार को भी वकीलों ने आंबेडकर पार्क के सामने जाम लगाकर छह घंटे तक धरना दिया था।धरने के दौरान तहरीर के मुताबिक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी, मुख्य आरोपी जिला पंचायत कर्मी असगर अली की संपत्ति की जांच, इंस्पेक्टर सिविल लाइंस पर कार्रवाई की मांग उठाई थी। साथ ही जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को सह आरोपी बताते हुए गिरफ्तारी की मांग और पीड़ित परिवार को पांच करोड़ रुपये की आर्थिक मदद पर जोर दिया था। धरने के दौरान इंस्पेक्टर सिविल लाइंस के खिलाफ कार्रवाई न होने पर सोमवार को हाईवे के जीरो प्वाइंट पर धरना देकर प्रदर्शन करने की घोषणा की गई थी। अब अधिवक्ताओं ने सोमवार को भी हड़ताल पर रहने का एलान किया है। कहा है कि सभी मांगें पूरी नहीं हुईं आंदोलन तेज किया जाएगा। बार की ओर से सोमवार की सुबह मीटिंग की जाएगी, जिसमें हाईवे पर जाम लगाने या न लगाने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। आगामी आंदोलन पर भी विचार किया जाएगा।बरेली जाकर एडीजी से भी मिले थे वकील- सिविल लाइंस इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई कराने समेत अन्य मांगों को लेकर अधिवक्ताओं का शिष्टमंडल एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा से भी मिल चुका है। अधिवक्ताओं ने बताया कि

वहां से आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। आरोपी जिला पंचायत कर्मी को जेल भेज चुकी है पुलिस- इस मामले में आरोपी जिला पंचायत कर्मी असगर अली को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया था। उसका मुरादाबाद में इलाज चल रहा था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। अब जेल के अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। अधिवक्ता फारुख अहमद की हत्या के मामले में अभी कई मांगें पूरी नहीं हुई हैं। लिहाजा सोमवार को भी वकील हड़ताल पर रहेंगे। बार की ओर से मीटिंग बुलाई गई है। इस मीटिंग में तय होगा कि हाईवे पर जाम लगाया जाए या नहीं। इस मीटिंग में आगे की रणनीति भी तय होगी। - राजेंद्र प्रसाद लोधी, अध्यक्ष बार एसोसिएशनतबादले से वकीलों का गुस्सा कम करने की कोशिश अधिवक्ता फारुख अहमद की हत्या के बाद वकीलों के निशाने पर आए सिविल लाइंस थाने के प्रभारी संजीव कुमार को हटा दिया गया है। उन्हें अब स्वार कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई से अधिवक्ताओं का गुस्सा कम करने की कोशिश की गई है। रविवार की शाम एसपी विद्या सागर मिश्र ने सिविल लाइंस के कोतवाल संजीव कुमार को हटा दिया। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि संजीव कुमार को अब स्वार का कोतवाल बनाया गया है। उनके स्थान पर शहर कोतवाली में तैनात ओमकार सिंह को सिविल लाइंस थाने की कमान दी गई है। इसके अलावा बिलासपुर से हटाए गए कोतवाल प्रदीप मलिक को शहर कोतवाल बनाया गया है।

मुरादाबाद मंडल में शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग का खेल, गोपनीय जांच में खुलासा, अफसरों से जवाब तलब

मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर और संभल से देसी शराब को ओपररेटिंग पर बेचे जाने की शिकायत पर शासन स्तर से गोपनीय जांच कराई गई। इसमें बड़ा खुलासा हुआ है। अफसरों को जांच के दौरान पता चला कि तय कीमतों से ज्यादा की वसूली की जा रही है। जवाब तलब किया गया है। मुरादाबाद में देसी शराब पर अधिक संभल से लगातार मिलने वाली शिकायतों के बाद जब लखनऊ पकड़ी गई।इससे साफ है कि लंबे समय से यह खेल चल रहा था बाद आबकारी आयुक्त डॉ.आदर्श सिंह ने मुरादाबाद प्रभार के है।विभाग में भी हड़कंप- इस रिपोर्ट के बाद विभाग में भी किए गए पत्र में कहा गया है कि मुरादाबाद-प्रभार के अंतर्गत शासन ने गोपनीय रूप से मुरादाबाद, अमरोहा और संभल में थी। जिसमें तय कीमत से अधिक पर शराब की बिक्री पाई गई ने 15 दुकानों पर जाकर जांच की थी। हैलेट रोड कपूर कंपनी की रुपए एमआरपी वाली टेट्रा पैक 100 रुपये में बेची जा रही थी। संभल-अमरोहा में ओवर रेटिंग- वहीं मुरादाबाद में बंगला गांव, चक्कर की मिलक, हैलेट रोड, आदर्श कालोनी, मंडी समिति, बिलारी में रुस्तमपुर सहसपुर, महाजनान बिलारी, राजा का सहसपुर बिलारी। अमरोहा में रायपुर, जोया, सब्जी मंडी धनौरा। संभल में बहजोई अड्डा, रसूलपुर ब्लाक रजपुरा, केसरपुर ब्लाक रजपुरा और ब्यौरा ब्लाक रजपुरा में जांच की गई। सभी जगह पांच से 10 रुपये की ओवररेटिंग पकड़ी गई है। हालांकि जब जांच हुई तो पता लेकिन इससे साफ है कि लंबे समय से देसी शराब पर अधिक मूल्य वसूला जा रहा है। मेरी जानकारी में नहीं इस तरह की कोई जानकारी मेरे संज्ञान में नहीं है, यदि ऐसी कोई बात सामने आती है तो कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल अभी ऐसा कुछ नहीं है। - आरपी सिंह, जिला आबकारी अधिकारी, मुरादाबाद।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

जल्द खुलेंगे रामायण वाटिका और रुद्रावनम के द्वार, सीएम योगी कर सकते हैं लोकार्पण

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरवरी के अंत में बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) की दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं रामायण वाटिका और रुद्रावनम का लोकार्पण कर सकते हैं। उनके संभावित दौरे को लेकर शहर में हलचल तेज हो गई है। बीडीए सहित प्रशासनिक अमला इसकी तैयारियों में जुट गया है। इससे पहले दिसंबर 2025 में भी मुख्यमंत्री के दौरे की चर्चा थी, लेकिन व्यस्तता के कारण और इन परियोजनाओं के लोकार्पण मुख्यमंत्री एक निजी कार्यक्रम में शामिल होकर लौट गए थे। बीडीए के अनुसार, आठ करोड़ रुपये की लागत से तैयार रामायण वाटिका उत्तर भारत की पहली ऐसी परियोजना है, जहां रामायण काल को जीवंत करने का प्रयास किया गया है। यह केवल एक मनोरंजन पार्क नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र भी है। भगवान राम के वनगमन से जुड़े प्रसंगों को चौपाइयों और कलाकृतियों के जरिये दर्शाया गया है। वाटिका में लगी श्रीराम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जापानी मियावाकी तकनीक से सघन वन क्षेत्र विकसित किया गया है। एक विशेष पैदल पथ तैयार किया गया है, जिसके दोनों ओर उन औषधीय पौधों को लगाया गया है, जिनका वर्णन रामायण में मिलता है। रामगंगानगर स्थित रामायण वाटिका में भगवान श्रीराम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा लगी है, जो आकर्षण का केंद्र है। रामायण वाटिका के साथ ही रुद्रावनम पार्क भी बनकर तैयार है। बीडीए ने यहां अत्याधुनिक लैंडस्केपिंग, आकर्षक वाटर बॉडीज और विशाल हरित क्षेत्र विकसित किया है। औपचारिक लोकार्पण के बाद शहरवासियों के लिए प्रकृति के करीब रहने का यह नया ठिकाना बनेगा। विभाग के स्तर से तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। शासन से हरी झंडी मिलते ही कार्यक्रम की तिथि घोषित कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री के इस संभावित दौरे में कई अन्य विकास परियोजनाओं की भी सौगात मिल सकती है। फिलहाल, प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर है और शहर को सजाने-संवारने का काम जारी है।

मुठभेड़ में डकैती के चार आरोपी गिरफ्तार, दो के पैर में लगी गोली, दरोगा-सिपाही भी हुए घायल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार की रात मुठभेड़ के दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ में दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। घायल बदमाशों को और दरोगा-सिपाही सीएचसी भोजीपुरा भेजा गया। पुलिस के मुताबिक 12 पकड़े गए बदमाशों ने फरवरी की रात धौराटांडा कस्बा में राइस मिलर रिहान के घर में डकैती की थी। घटना के बाद भागते समय बदमाशों का एक साथी छत से कूदा था, जिसके दोनों पैर टूट गए थे। उसे मौके पर ही लोगों ने पकड़ लिया था। थाना प्रभारी भोजीपुरा के मुताबिक वह रविवार रात पुलिस बल के साथ इलाके में गश्त व वांछित अभियुक्तों की तलाश में चेकिंग कर रहे थे। रात में करीब 01:40 बजे गांव मसीत से महेशपुर शिवसिंह मार्ग पर एक पिकअप वाहन संदिग्ध अवस्था में मिला, जिसकी नंबर प्लेट कपड़े से ढकी थी। पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो चालक ने वाहन तेज गति से भगाया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। खुद को घिरता देख वाहन में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिससे दरोगा रुक्मेश सिंह व सिपाही संजय सागर घायल हो गए। डकैती के मामले में वांछित थे बदमाश पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। साथ ही दो और बदमाशों को मौके से पकड़ लिया गया। पुलिस के मुताबिक इन बदमाशों ने धौराटांडा में राइस मिलकर के यहां डकैती डाली थी। पूछताछ में यह भी पता लगा है कि गोली लगने से घायल बदमाश अकरम और आसिफ हरदोई के थाना शाहाबाद क्षेत्र में भी डकैती का वारदात को अंजाम दे चुके हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

7 साल की मासूम इरम हाई वोल्टेज करंट से झुलसी, हालत गंभीर

क्यूँ न लिखूँ सच / मुरादाबाद के थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सलेम सराय में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। शेर मोहम्मद की सात वर्षीय धेवती इरम छत पर खेल रही थी, तभी घर की छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की बिजली लाइन की चपेट में आ गई। करंट लगने से बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद परिजन तुरंत इरम को नजदीकी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, जहां काफी मशक्कत के बाद उसकी जान बचाई जा सकी। फिलहाल बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका उपचार जारी है। परिजनों का आरोप है कि हाई वोल्टेज बिजली लाइन घर की छत के बेहद करीब से गुजर रही है, जिससे पहले भी खतरा बना हुआ था। उन्होंने प्रशासन और बिजली विभाग से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसी लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मामले में परिजनों ने शिकायत दर्ज करते हुए लाइन हटवाने की मांग की है

थाना डिलारी पुलिस ने मृत गौवंश को जेसीबी की मदद से दफनाया

क्यूँ न लिखूँ सच / डिलारी। जनपद मुरादाबाद के थाना डिलारी क्षेत्र के गांव रहता माफी पुल के पास एक मृत गाय को प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से मिट्टी में दबाकर सुरक्षित रूप से निस्तारित किया गया। मौके पर उप निरीक्षक आदित्य कुमार और कॉस्टेबल अंकित चौहान मौजूद रहे। पुलिस टीम ने स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए मृत गौवंश को नियमानुसार दफन कराया, ताकि किसी प्रकार की दुर्गंध या संक्रमण का खतरा न रहे। इस दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था भी बनाए रखी गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने सराहना की।

बोर्ड परीक्षा के चलते एसआईआर के 13 सुनवाई केंद्र बदले

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बोर्ड परीक्षा के चलते एसआईआर के नोटिस की सुनवाई के लिए 13 केंद्रों का बदला गया है। डॉ सुशीला गिरीश की जगह रेडियंट पब्लिक स्कूल, गुलाब राय इंटर कॉलेज के स्थान पर जीआरएम, बीबीएल की जगह केडीएम, तिलक की जगह हाफिज सिद्दीकी पंजाबी हाई स्कूल, केपीआरसी की जगह प्राथमिक विद्यालय बांस मंडी द्वितीय, एमबी इंटर कॉलेज के स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर बृजलोक, सूरजभान कन्या इंटर कॉलेज की जगह सूरजभान विद्या भवन राजेंद्र नगर, रिखी सिंह के स्थान पर श्री गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, क्रिएथिक्स स्कूल की जगह प्राथमिक विद्यालय कांकर टोला, पीसी आजाद की जगह क्रिएशन पब्लिक स्कूल आकांक्षा एनक्लेव, पंडित दीनानाथ मिश्रा के स्थान पर क्रिसेंट पब्लिक स्कूल जोगी नवादा, केंद्रीय विद्यालय आईवीआरआई की जगह जलकल विभाग पानी की टंकी गंगाशील अस्पताल के पास और सीबीगंज इंटर कॉलेज के स्थान पर कन्या पाठशाला जूनियर हाई स्कूल खलीलपुर को नवीन केंद्र बनाया गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

बीडीए की महायोजना में 35 गांवों में मिलेंगी शहर जैसी सुविधाएं

